हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

09 धमतरी को मिला जल जीवन का तोहफा



10 प्रशासन के विकेंद्रीकरण से जनता को मिलेगा सीधा ...





## नवरात्रि विशेष



### पंचमी : स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप से धमतरी को मिली नई पहचान, गंगरेल नौकायान उत्सव में 52 टीमों ने दिखाया दम

# गंगरेल ने इतिहास रचा : महानदी की लहरों पर दौड़ी रफ्तार





- जल, खेल और संस्कृति का संगम : गंगरेल में भव्य नौकायान प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल बांध की शांत जलधारा आज रोमांच और उत्साह से भर उठी, जब 'गंगरेल नौकायान उत्सव' के अंतर्गत पहली बार भव्य महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ, जिसने खेल, संस्कृति और पर्यटन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

मचान हट प्वाइंट से गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स प्वाइंट तक 1000 मीटर की चुनौतीपूर्ण दूरी में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शानदार गति, संतुलन और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

इस प्रतियोगिता में धमतरी सहित कांकेर और बालोद जिलों की कुल 52 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा और पूर्व विधायक रंजना साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिपं सीईओ गजेन्द्र ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला सहभागिता बनी आकर्षण का केंद्र

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। पारंपरिक नाव के साथ उनकी भागीदारी ने न केवल प्रतियोगिता को रोमांचक बनाया, बल्कि महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक संदेश भी दिया।

### प्रतियोगिता के विजेता

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए-प्रथम स्थानः बोट क्रमांक 4 डोमार निषाद एवं जितेन्द्र निषाद तिर्रा, बोट क्रमांक 1 द्वितीय स्थानः सतवंत मंडावी एवं मिथलेश मंडावी कोलियारी, तृतीय स्थानः बोट क्रमांक 10 कौशल निषाद एवं महेश्वर कुरेटी तिर्रा रहे। इसके अलावा वेशभूषा में 6 नंबर के बोट जिसमें महिलाएं प्रतिभागी थीं उन्हें पुरस्कृत किया गया। वहीं 8 नंबर के बोट के नाविकों को नाव सजावट के लिए भी विशेष पुरस्कार दिए गए। प्रथम, द्वितीय व तृतीय के विजेताओं को क्रमशः1 लाख, 50 हजार और 25 हजार की राशि प्रदान की गई, जबकि अन्य श्रेणियों में 11 हजार के पुरस्कार वितरित किए गए। महिला प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि भी दी गई।

### पर्यटन और विकास को मिलेगा बढ़ावा

कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा मत्स्य समितियों को आइस बॉक्स वितरित किए गए। साथ ही जल सुरक्षा के लिए वॉटर एंबुलेंस का शुभारंभ भी किया गया।

### यह आयोजन जल पर्यटन को नई पहचान देगा : ओंकार

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और जल पर्यटन को नई पहचान देगा। उन्होंने आगे कहा कि 'गंगरेल नौकायान उत्सव' अब धमतरी को राज्य के उभरते पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बनकर सामने आया है। महापौर रामू रोहरा ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण पहल बताते हुए स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ युवाओं में खेल एवं साहसिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित होगी।

### इनाम की राशि से पिता का कराएंगे इलाज

गंगरेल महानदी रिवर बोट चैम्पियनशिप के चैम्पियन जितेन्द्र निषाद 18 वर्ष ने बताया कि गंगरेल बांध में मछली मारना पारंपरिक व्यवसाय है। जीविकोपार्जन का सहारा नाव है। 24 घंटे में 12 घंटा नाव के साथ ही रहना होता है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। पिताजी का दुर्घटना में पैर टूट गया है। इनाम की राशि से वे अपने पिताजी का उपचार कराएंगे। टीम के डोमार निषाद ने बताया कि नौकायन प्रतियोगिता से मिले राशि से वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारेंगे।

### अगली बार महिला टीम का अलग रेस होना चाहिए

महानदी रिवर बोट चैम्पियनशिप प्रतियागिता में भाग लेने वाली महिला टीम की वचन बाई, सुमन, दिलेश्वरी ने कहा कि गंगरेल बांध का यह आयोजन उनके लिए ऐतिहासिक है। उनकी टीम 6 वें नम्बर पर आई है। उन्होंने आयोजक समिति से मांग की है कि जब भी यह आयोजन हो उसमें महिला टीम का अलग से प्रतियोगिता रखा जाना चाहिए।


प्रथम


द्वितीय


तृतीय



## खबर संक्षेप

### शहीद की पुण्यतिथि पर परिजनों ने दी श्रद्धांजलि



**चारामा।** सुकमा जिले के ग्राम मिनपा में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच हुई मुडभेड़ में शहीद हुए अमर जवान शहीद हेमंत दास मानिकपुरी की छठवीं पुण्यतिथि के पर परिजनों के द्वारा नगर में पुलिस थाना के सामने स्थापित प्रतिमा के समक्ष पूजा कर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम पर शहीद के पिता सूखदास मानिकपुरी, थाना प्रभारी सुरेश राठौर एवं उनके मित्र जनों के द्वारा उपस्थित होकर उनके प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि के बाद सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा उनके सौर्य को याद किया गया और अपने विचार रखे गए। संबोधन के बाद शहीद हेमंत दास मानिकपुरी की याद में परिवार जनों की ओर से प्रसाद के रूप में पूरी और हलवा का वितरण करवाया गया तथा शाम उनके प्रतिमा स्थल पर केंडल जलाकर सभी के द्वारा उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** ग्राम एड़गुड़ निवासी 35 वर्षीय बिरेन्द्र कुमार की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 13 जुलाई की है जब बिरेन्द्र अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी ग्राम खुटगांव के पास आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 7705 के चालक ने लापरवाही से पीछे से टक्कर मार दी थी। गंभीर चोट आने के कारण उन्हें रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ 17 जुलाई को घायल ने दम तोड़ दिया। मर्ग जांच के बाद थाना दुर्गूकोंदल में अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कल से

**चारामा।** श्री श्री हनुमान मंदिर समिति बांग्लापारा चारामा के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीमद् संगीत में महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 24 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसमें प्रवचनकर्ता भागवत आचार्य पंडित दाऊ लाल तिवारी महाराज गिरहोला वाले के मुखाग्रह से महापुराण कथा का व्याख्यान किया जाएगा। इस भागवत महापुराण में 24 मार्च को देव आह्वान स्थापना विधि पूजन कलश यात्रा के बाद प्रतिदिन विभिन्न कथाएं आयोजित होगी, 27 मार्च रामनवमी के शुभ अवसर पर हवन पूजन किया जाएगा, 1 अप्रैल को रात्रिकालीन रामायण कार्यक्रम एकता बालिका मानस परिवार की प्रस्तुति होगी एवं 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण महाभंडारा का आयोजन समिति की ओर से किया जाएगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर अंतर्गत साल्हे निवासी 22 वर्षीय सुरेंद्र फरडीया पिता कन्हैया ने फांसी लगा लिया, जिससे उसका मौत हो गया। बालोद जिला के थाना राजहरा से बिना नंबरी मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश कर बताया कि मृतक का 5 मार्च को फांसी लगाने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## निधन

### पंकज महावर

**धमतरी।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव पंकज महावर सुपुत्र स्व. प्रेमलाल महावर एवं श्रीमती विजयलक्ष्मी महावर का



आकस्मिक निधन दिनांक 21 मार्च को हो गया है। वे निधि महावर के पति, अनन्या एवं अनंत के पिता, नलिनी, प्रीति एवं प्राची के भाई एवं डॉ लक्ष्मीनारायण महावर के भतीजे थे। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 22 मार्च को संध्या 4 बजे उनके गुजराती कॉलोनी, धमतरी स्थित निवास स्थान से शांति घाट के लिए निकली। उनकी अंतिम यात्रा में कांग्रेस पार्टी सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### खुद मैदान में उतरे उपायुक्त, घर-घर चल रहा वसूली अभियान

# 31 मार्च से पहले टैक्स भरो वरना लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में नगर निगम ने राजस्व वसूली को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए उपायुक्त पीसी सार्वा स्वयं मैदान में उतरकर सहायक राजस्व निरीक्षकों और राजस्व उप निरीक्षकों के साथ वार्डों का लगातार दौरा कर रहे हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में घर-घर पहुंचकर टैक्स वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिससे बकायेदारों में हड़कंप की स्थिति है। निगम द्वारा अवकाश के दिनों में भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को कई वार्डों में टीमों ने पहुंचकर सीधे लोगों से संपर्क किया और बकाया टैक्स जमा करने की अपील की। अधिकारियों का कहना है कि 31 मार्च 2026 के बाद टैक्स जमा करने



पर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा, इसलिए समय रहते भुगतान करना जरूरी है।

टैक्स भुगतान को आसान बनाने के लिए निगम ने डिजिटल सुविधाएं भी शुरू की हैं। करदाता अब ऑनलाइन माध्यम से क्यूआर कोड और बारकोड स्कैन कर फोन-पे, गूगल-पे सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा घरों में लगाए जा रहे डिजिटल डोर नंबर को स्कैन कर भी टैक्स जमा करने की सुविधा दी जा रही है।

निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि बकाया राशि नहीं चुकाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कई दुकानों को सील किया जा चुका है और नल कनेक्शन भी काटे गए हैं। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर राजस्व वसूली को शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। निगम ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना टैक्स जमा कर अनावश्यक जुर्माने और कार्रवाई से बचें।

# बेदखली के नोटिस से परेशान परिवार ने दी आमरण अनशन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम पंचायत बकली के आश्रित ग्राम रावनगुड़ा में बेदखली के नोटिस से परेशान एक परिवार ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबे समय से झोपड़ी बनाकर रह रहे राजेंद्र मिरे और उनकी पत्नी ईश्वरीय मिरे ने प्रशासनिक कार्रवाई को एकपक्षीय बताते हुए आगामी 23 मार्च से तहसील कार्यालय कुरुद के समक्ष आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है।

### प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई न होने का आरोप

पीड़ित राजेंद्र मिरे का कहना है कि गांव में कई प्रभावशाली व्यक्तियों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती का कार्य कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठा रहा है। इसके विपरीत, एक गरीब परिवार की छोटी सी झोपड़ी को निशाना बनाकर बार-बार बेदखली का नोटिस थमाया जा रहा है। पीड़ित परिवार के अनुसार, यह कार्रवाई न केवल भेदभावपूर्ण है बल्कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की एक साजिश है।




### न्याय न मिलने पर अंतिम विकल्प

मिरे परिवार ने बताया कि उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर जिला प्रशासन से कई बार गुहार लगाई और निष्पक्ष जांच की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। प्रशासन के उदासीन रवैये से क्षुब्ध होकर परिवार ने अब लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। पीड़ित परिवार के इस साहसिक निर्णय को ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है। अब स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या 23 मार्च से पूर्व इस संवेदनशील मुद्दे का कोई शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाएगा या स्थिति और गंभीर होगी।

# नगरी अंचल की दो आदिवासी बेटियों ने विश्वविद्यालय मेरिट सूची में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण उस समय आया जब नगरी की दो प्रतिभाशाली आदिवासी छात्राओं ने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, नगर और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है। जिसमें बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छत्तीसगढ़) से एमएससी. (होम साइंस) मानव विकास (चतुर्थ सेमेस्टर) की जारी





मेरिट सूची में नगरी की प्रीति मरकाम ने प्रथम स्थान हासिल कर शानदार सफलता अर्जित की है। प्रीति मरकाम के पिता वीर सिंह एवं माता दुख बाई हैं, जिनकी बेटी ने इस उपलब्धि से परिवार को गौरवान्वित किया है।

वहीं दूसरी ओर इसी कड़ी में प्रेमलता ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रेमलता के पिता स्वर्गीय मन्नू लाल ध्रुव एवं माता गीता बाई हैं। विषम परिस्थितियों के बावजूद प्रेमलता ने अपने लक्ष्य को हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, परिजनों एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों ने कहा कि इन बेटियों ने न केवल अपने परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# अफीम की खेती खोजने क्षेत्र के खेतों की हो रही जांच

- घर-घर, खेत-खेत पहुँच रहे अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

दुर्ग सहित कुछ जिलों में अफीम के फसल मिलने से छत्तीसगढ़ प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है और ऐसे मादक फसलों को पनपने से रोकने अति सतर्क नजर आ रही है।

इसी कड़ी में धमतरी जिले में भी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के आदेश पर कुरुद एसडीएम नभसिंग कोसले और तहसीलदार सूरज बंछोर की निर्देशन में राजस्व विभाग के पटवारी और क़ृषि विभाग के ग्राम सेवक जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उनके साथ खेत खलियान और बाड़ियों में दबिस देते नजर आ रहे हैं।



ग्राम डांडेसरा में भी पटवारी वीरेंद्र बैस, ग्राम सेवक प्रेमलाल ठाकुर ने सरपंच खुमेश्वरी साहू, ग्रामवासी अंगद चंद्राकर, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, टिकेश्वर साहू, जगत साहू सहित कृषकों के साथ खेत खलियान व छोटी-छोटी बाड़ी का भी मौका निरीक्षण कर अफीम, गांजा जैसे घातक मादक पदार्थों के पौधों की छानबीन की।

विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि ऐसे फसलों का रोपण गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है जिसके लिए अभी एक संयुक्त सर्वे किया जा रहा है आने वाले समय में सतत निगरानी ज़ारी रहेगी।

साथ ही किसी को भी इस तरह की जानकारी होने पर तत्काल अपने हल्का पटवारी या क़ृषि विस्तार अधिकारी को सूचना देने संबंधी बात कही गई है।

# नगरी में उल्लास परीक्षा का सफल संचालन डाइट सहायक प्राध्यापक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा का निरीक्षण डाइट नगरी के सहायक प्राध्यापक डी.के. साहू द्वारा किया गया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला दुर्गा चौक नगरी तथा शासकीय प्राथमिक शाला कोटपारा नगरी के उल्लास परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला दुर्गा चौक में कुल 05 उल्लास शिक्षार्थी



पंजीकृत हैं, वहीं शासकीय प्राथमिक शाला कोटपारा में भी 05 शिक्षार्थी पंजीकृत हैं। कुल 10 शिक्षार्थियों में 09 महिलाएं एवं 01 पुरुष शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परीक्षा केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है तथा बैठने के लिए डेस्क की सुविधा भी सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के उपरांत मूल्यांकन की तैयारी भी केंद्रों में की गई है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष दुर्गा चौक नगरी के विद्यालय में 20 शिक्षार्थियों को उल्लास परीक्षा प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा के सफल संचालन के लिए संबंधित शिक्षक जितेंद्र कुमार सोनी एवं हेमलता निर्मलकर उपस्थित रहे।

# बिछड़े पुत्र को पिता से मिलाने में पार्षद हिमानी साहू के प्रयास की सराहना

- 15 दिनों के विछोह की भावुक कहानी, बेटे के गम में पिता ने त्याग दिया था भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लाल बगीचा वार्ड से लगभग 15 दिन पूर्व एक युवक कैलाश सागरवंशी उम्र 27 वर्ष गुमशुदा हो गया था, जो जन्म से ही बोल नहीं पाता था। इस कारण उसकी तलाश करना और भी कठिन हो गया था। इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में वार्ड की जिम्मेदार एवं संवेदनशील पार्षद श्रीमती हिमानी भागवत साहू ने मानवीय पहल करते हुए युवक को



खोजने का बीड़ा उठाया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर संपर्क कर अपने परिचितों एवं रिश्तेदारों को युवक का फोटो भेजकर जानकारी जुटाने का प्रयास किया। इस कार्य में उनके ससुर लक्ष्मण पहलवान का भी विशेष सहयोग रहा।

लगातार प्रयासों के बाद अंततः पार्षद हिमानी भागवत साहू ने बिछड़े पुत्र को उसके पिता से मिलाने में सफलता प्राप्त की, जिसकी क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। बताया जा रहा है कि पिछले 15 दिनों से पिता नंद किशोर सागरवंशी अपने पुत्र के वियोग में अत्यंत दुखी थे और उन्होंने भोजन तक त्याग दिया था। यह घटना समाज में मानवीय संवेदनशीलता और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# अरौद में मानसगान व्याख्यान प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम अरौद (ली) पंचमुखी मानस परिवार द्वारा मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता



हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम है, श्रीरामचरितमानस हमें जीवन में सत्य, मर्यादा और आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

आज के समय में युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर केशवदास सिन्हा धनीराम साहू, पूरण सिंह ध्रुव, उमेंद्र सिन्हा, बीरेंद्र सिन्हा, किरण साहू, काली बाई सिन्हा, लोकेश्वरी साहू पंच, सुरेंद्र वैष्णव, राधेलाल सिन्हा, राममिलन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नि:शुल्क योग एवं एडवांस योग शिविर प्रारंभ

- प्रसिद्धि आयुर्वेद पंचकर्म एवं पाईल्स चिकित्सालय में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रसिद्धि आयुर्वेद पंचकर्म एवं पाईल्स चिकित्सालय धमतरी में 22 मार्च रविवार से निःशुल्क योग एवं एडवांस योग शिविर प्रारंभ हुआ।

डा संदीप साहू ने बताया कि प्रत्येक रविवार को सुबह 6.30 बजे से निःशुल्क योग सिखाया जाएगा। योग प्रशिक्षक उमराव साहू एडवांस योग का भी प्रशिक्षण देंगे। बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का लाभ दिलाने के उद्देश्य से योग शिविर का



आयोजन किया गया है। बच्चों को योग के माध्यम स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ कैसे रखना है, इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग आज के दौर में जीवन का आवश्यक अंग है। बाल्य काल से ही लोगों को योग का अभ्यास करने की आदत डालनी चाहिए। प्रतिदिन सुबह योग के लिए अनिवार्य रूप से समय निकालना चाहिए।

वार्मअप करवाने के बाद क्रमशः बैठकर, खड़े होकर एवं लेट कर किए जाने वाले योगासनों का अभ्यास कराया। मानसिक तनाव से निजात दिलाने, कमजोर पाचन तंत्र मजबूत करने, फेफड़ा, मस्तिष्क में आक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने वाले, सर्वाइकल, कमर दर्द, पीठ दर्द, हाथ पैर दर्द दूर करने वाले योगासनों का लाभ बताते हुए योग अभ्यास करवाया। पर्वतासन, वज्रासन, शशांक आसन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शव आसन, पवन मुक्तासन सहित अलग-अलग योग का अभ्यास करवाया गया।

### रायपुर, कांकेर, चारामा, राजनांदगांव की टीम ले रही है भाग

# फुटबॉल मैच का शुभारंभ, मैदान पर पसीना बहा रहे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी में आयोजित खेल पखवाड़ा का फुटबॉल मैच के साथ शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में धमतरी के अलावा रायपुर ,कांकेर, चारामा, राजनादगांव, सहित अन्य जगह की 17 टीम में भाग ले रही है। उद्घाटन मैच इन्विंसिबल फुटबॉल क्लब एवं ब्वॉयज क्लब के बीच खेला गया है। मैच का उद्घाटन करते हुए आयोजन के संरक्षक राजेश शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी होना ही जीवन को खुशहाल बनाती है इसलिए



खेल के मैदान से हम अपने जीवन को संवारने के का संकल्प लें। वहीं अध्यक्षता कर रहे हैं राजेंद्र शर्मा ने कहा कि धमतरी के खेलों को समृद्ध करने की जब बात होगी तो इस खेल पखवाड़ा का जिक्र जरूर आयेगा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद कुलेश सोनी, पिंटू यादव एवं अखिलेश सोनकर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आयोजनकर्ता लक्की डागा, देवा नाडार, चिराग, हिमांशु, लव, चंद्रकांत, तेजस, देवेंद्र, झम्मन, लयश, मोनू, रणवीर, सागर, आदि, आशीष, नेहाल, ऋषि भावेश, अरमान, भौमिक, शाहरूख प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । संचालन फुटबॉल कोच दिनेश साहू द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन खेल पखवाड़ा के संयोजक योगेश रायचुरा ने किया ।

# महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन में नाली निर्माण कार्य सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महापौर जगदीश रामू रोहरा के मार्गदर्शन में पार्षद श्याम लाल नेताम द्वारा बठेना पारा वार्ड, न्यू कॉलोनी में श्री साहू के घर से श्याम लाल नेताम के घर तक अत्यंत सुंदर एवं व्यवस्थित नाली का निर्माण कार्य कराया गया है। पूर्व में इस क्षेत्र में पानी का बहाव सड़क पर हो जाता था, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब नाली निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से पानी की निकासी व्यवस्थित हो गई है और क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय नागरिकों ने इस जनहित कार्य के लिए महापौर एवं पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**खबर संक्षेप**

## लावण्या का नवोदय में चयन



**मगरलोड।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भैंसमुंडी में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत लावण्या सुपुत्री राजेश्वरी रेमन धृतलहरे मोतिमपुर निवासी का नवोदय विद्यालय कुरूद में चयन हुआ है। लावण्या के चयन से माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिका, परिवारजनो एवं इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के अशोक संचेती बने जिला सह संयोजक



■ व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का दिया भरोसा

**नगरी।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के व्यापारी प्रकोष्ठ को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अशोक संचेती को जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन से व्यापारी वर्ग में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। अशोक संचेती लंबे समय से सामाजिक एवं व्यापारी हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन में उनके अनुभव और कार्यशैली का सम्मान माना जा रहा है। नवनियुक्त जिला सह संयोजक अशोक संचेती ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। अपनी नियुक्ति पर श्री संचेती ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, धमतरी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सूखी मछली पर विवाद पड़ोसन को पति-पत्नी ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र में एक मामूली बात ने बड़ा विवाद का रूप ले लिया। सुखी मछली को बिल्ली द्वारा खा जाने की घटना को लेकर पड़ोसियों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना दुर्गूकोंदल में शिकायत दर्ज कराने पहुंची घोटिया आवासपारा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी का काम करती है। 20 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के बाड़ी के पास थी। इसी दौरान पड़ोसी आनंद जैन और उसकी पत्नी भुनेश्वरी जैन ने उनकी सुखी मछली को बाहर की बिल्ली द्वारा खा जाने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि आनंद जैन ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और गुस्से में लकड़ी के डंडे से फेंककर हमला किया, जिससे महिला के दाहिने कंधे और पीठ में चोट आई।

### अप्रैल में शुरू होगा 35 करोड़ का हाईटेक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

# धमतरी को मिला जल जीवन का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धमतरी नगर वासियों के लिए राहत भरी खबर है। करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शुभारंभ आगामी अप्रैल माह में होने जा रहा है। इसके शुरू होते ही शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और हर वार्ड में पर्याप्त व स्वच्छ पानी पहुंच सकेगा।

रविवार सुबह महापौर रामू रोहरा ने प्लांट स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और इंजीनियरों को अंतिम तैयारियां समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि यह परियोजना धमतरी के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इससे न केवल जल आपूर्ति सुचारू होगी, बल्कि वर्षों पुरानी पानी की किल्लत भी खत्म हो जाएगी। उन्होंने नगर निगम की प्राथमिकता दोहराते हुए कहा कि हर घर तक नियमित और शुद्ध पेयजल पहुंचाना ही मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि प्लांट में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे पानी को बेहतर गुणवत्ता के साथ शुद्ध कर सप्लाई किया जाएगा। इससे जलजनित बीमारियों में भी कमी आने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान इंजीनियरों ने जानकारी दी कि प्लांट का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और फिलहाल अंतिम चरण की तैयारियां तेजी से जारी हैं। परीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही प्लांट को विधिवत चालू कर दिया जाएगा।

नगर निगम द्वारा आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में यह परियोजना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। आने वाले समय में यह प्लांट धमतरी को पेयजल संकट से पूरी तरह राहत दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर जल विभाग प्रभारी अखिलेश सोनकर सहित अज्जू देशलहरे, संतोष सोनकर, हेमंत बंजारे, संजय देवांगन, कुलेश सोनी और गजेंद्र कवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्वास में छिपे जीवन के अनजाने रहस्य

## हैप्पीनेस प्रोग्राम का हुआ आयोजन



**अंवरी।** दि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 19 से 22 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 6:00 से 9:00 बजे तक मंगल भवन भखारा में 4 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत भखारा सहित आसपास के ग्रामों के अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रशिक्षक तामेश्वर साहू ने बताया कि इस प्रोग्राम में योग, प्राणायाम के साथ-साथ श्वास की एक विशेष और प्रभावशाली प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि श्वास में जीवन के कई अनजाने रहस्य छिपे होते हैं। सुदर्शन क्रिया एक सरल लेकिन अत्यंत शक्तिशाली तकनीक है, जो तनाव, थकान और नकारात्मक भाव जैसे क्रोध, निराशा, चिंता व डिप्रेशन से मुक्ति दिलाकर मन को गहरे विश्राम की अवस्था में ले जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्राण ही शरीर और मन दोनों के स्वास्थ्य का मूल आधार है।

कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस अभ्यास से उन्हें मानसिक शांति और ऊर्जा का अनुभव हुआ। रामनारायण साहू ने कहा कि उनका मन बहुत हल्का और शांत हो गया है, वहीं सूर्यकांत साहू ने स्मरण शक्ति में वृद्धि होने की बात कही। युगल किशोर सिन्हा ने इस कोर्स को जीवन को खिलाने वाला बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम व्यक्ति को अंदर से सकारात्मक बनाता है। इस कार्यक्रम में सहयोगी शिक्षक के रूप में हिरेंद्र साहू, बसंत बैस और गोविंद यादव का विशेष योगदान रहा।

वहीं प्रतिभागियों में अनिरुद्ध साहू, मोहनलाल, रघुवर यादव, अजय बैस, उपेंद्र साहू, रोशन साहू, युगल देवांगन, डुगेश्वर साहू, मीना जैन, संगीता कुर्रे, विनय कुमार, ऋषि कुमार और लिखन राम सहित अनेक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजन में शिवेंद्र साहू, तरुण साहू, डॉ. संतोष साहू, घनश्याम साहू, घनश्याम परिहार एवं नगर पंचायत भखारा भठेली का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने एचपीवी टीकाकरण

■ जनपद पंचायत की सामान्य सभा में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



जनपद पंचायत कार्यालय मगरलोड में 20 मार्च को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. शारदा ठाकुर बीएमओ एवं बीपीएम द्वारा जनप्रतिनिधियों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष की बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने का भी आग्रह किया गया।

समीक्षा बैठक में वर्तमान में संचालित विशेष टीकाकरण कार्यक्रम, शिशु संरक्षण माह तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट पीएम जनमन गाड़ी के बारे में भी जानकारी दी गई।

साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों की स्थिति, आवश्यक मानव संसाधनों की उपलब्धता तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति से भी सभा को अवगत कराया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने तथा टीकाकरण एवं जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया।

बैठक में बीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, खिलेश साहू जनपद उपाध्यक्ष, राजेश साहू सभापति, श्रीमती तिलोत्तमा साहू, श्रीमती सरिता कश्यप, नंदनी साहू, बबीता ध्रुव, डुगेसवरी साहू, हेमलता साहू, विनीता साहू, अनीता देशमुख, कविता सिन्हा, राजकुमारी, कृष्णा ध्रुव सभापति, मूलचन्द साहू, दिव्या ठाकुर सीईओ जनपद पंचायत, दीपक भीमगज पंचायत इंस्पेक्टर, शेखर साहू, विनीत जैन, केवल कंवर, श्रीमती पूनम साहू, श्रीमती नंदनी साहू सहित जनपद पंचायत के सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थि थे।

# 23 वर्षों से निःशुल्क नीम काढ़ा पिला रहे राकेश लोहाना का सम्मान

■ धमतरी में नवरात्र पर सेवा का अनूठा उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर शहर में सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करने वाले राकेश लोहाना (पप्पू) को उनके 23 वर्षों से जारी निःस्वार्थ कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

मठ मंदिर चौक में नवरात्र के प्रथम दिवस से ही राकेश लोहाना द्वारा प्रतिदिन सुबह 5:00 से 7:00 बजे तक आम नागरिकों को नीम के पत्तों का काढ़ा निःशुल्क पिलाया जा रहा है। 19 मार्च से शुरू हुआ यह सेवा कार्य इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। बड़ी संख्या में लोग इस औषधीय काढ़े का लाभ लेने पहुंच रहे हैं।

विशेष बात यह है कि लोहाना न केवल स्थल पर आने वाले लोगों को काढ़ा उपलब्ध कराते हैं, बल्कि बुजुर्गों, मरीजों और असमर्थ लोगों के लिए पैकेट बनाकर घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी करते हैं। उनके इस सेवाभाव से प्रेरित होकर रमेश देव, मनोज राठौर सहित कई लोग प्रतिदिन सहयोग के लिए उपस्थित रहते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, चैत्र नवरात्र के समय नीम के नए पत्ते औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। यह काढ़ा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, त्वचा संबंधी समस्याओं और शुगर नियंत्रण में सहायक माना जाता है। लंबे समय से इसका सेवन कर रहे विजय अग्रवाल ने भी इसके लाभों की पुष्टि की।

राकेश लोहाना के इस जनसेवा कार्य से प्रभावित होकर शहर के धर्मप्रेमी नागरिकों ने उनका सम्मान किया। पंडित राजेश शर्मा के नेतृत्व में सिद्धिविनायक गणेश मंदिर के पुजारी होमन शास्त्री महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षद पिंटू यादव सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि धमतरी की पहचान ऐसे ही सेवाभावी कार्यों से बनती है और राकेश लोहाना का योगदान पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है।

## अंजनी रानीगांव की दिव्या नेताम ने नवोदय विद्यालय में बनाया स्थान



**सांकरा।** नगरी क्षेत्र के अंजनी रानीगांव की मेधावी छात्रा दिव्या नेताम ने अपनी मेहनत से जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद में चयनित होकर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंजनी रानीगांव की मेधावी छात्रा दिव्या नेताम ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। वर्तमान में दिव्या शासकीय प्राथमिक शाला घुरावड़ में अध्ययनरत हैं। उनके पिता कुंताप नेताम एवं माता जागेश्वरी नेताम दोनों ही पेशे से शिक्षक हैं, जिससे उन्हें शिक्षा का अनुकूल वातावरण मिला। दिव्या की इस उपलब्धि से पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विशेष बात यह है कि उनके बड़े भाई भी नवोदय विद्यालय कुरूद में अध्ययनरत हैं, जिससे परिवार में शिक्षा की मजबूत परंपरा देखने को मिलती है।

## एक हजार से अधिक महिलाओं ने देखी केरला स्टोरी-2



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से केरला स्टोरी 2 का निःशुल्क प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस आयोजन में एक हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर फिल्म देखी।

महापौर रामू रोहरा, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, कैलाश बख्तानी, विश्वजीत कृदत्त, कोमल संभाकर, दिग्विजय सिंह कृदत्त, पवन वाधवानी के सहयोग से प्रशांत टॉकीज में 1000 से भी अधिक मातृशक्तियों को यह फिल्म दिखाई गई। बताया कि माताओं, बहनों को अपने झूठे प्रेम में फंसाकर उसे नरक की जिंदगी जीने को मजबूर कर रहे हैं। धर्मांतरण करके अपनी जनसंख्या बढ़ाकर देश पर कब्जा करना चाह रहे हैं। सनातनी को दुश्मन मानते हैं। इन विषयों पर हिंदू समाज को चिंतन करने की आवश्यकता है। हमें जागरूक और संगठित होकर मातृशक्तियों की रक्षा करनी होगी। आयोजकों के अनुसार फिल्म के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करने और समाज में सतर्कता बढ़ाने का संदेश दिया गया। मौके पर समाज सेवी दीपक सिंह ठाकुर, मोहनलाल साहू, पुरूषोतम निषाद, चित्रेश साहू, प्रतीक सोनी, डाकेश्वर साहू, सनत साहू, सत्यम सिन्हा, अनिमेष राजपूत, तुषार साहू, आयुष पात्रे समेत अन्य मौजूद थे।

# 66 वर्षीय नकछेड़िन बाई ने उल्लास परीक्षा में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत 22 मार्च को आयोजित राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा का आयोजन विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत बिलभदर के आश्रित ग्राम दलदली (अ) स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परीक्षा केंद्र में किया गया।

इस महापरीक्षा की खास बात रही 66 वर्षीय नकछेड़िन बाई की उत्साहपूर्ण सहभागिता, जिनमें सीखने की ललक और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। उन्होंने बताया कि पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वे प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर सकीं, लेकिन अब वे पढ़ना-लिखना सीखते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। महा परीक्षा में मुंगाबाई, सुधियारिन बाई, सुशीला एवं फगनी बाई (देवरानी-जेठानी) ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर साक्षरता के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। ग्राम प्रभारी राजकुमार शील ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत स्वयंसेवी शिक्षक, महाविद्यालय में अध्ययनरत कु. खुशबू द्वारा शिक्षार्थियों को बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान के साथ-साथ डिजिटल, वित्तीय, कानूनी एवं चुनावी साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। इसी का मूल्यांकन महा परीक्षा के माध्यम से किया गया।

इस अवसर पर सरपंच चित्ररेखा कुंजाम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किसून राम ध्रुव सहित नरेश कोर्राम, परसराम ध्रुव, जीवनलाल, हीरामन, मोतीलाल गोटा एवं हुलास राम ने सभी शिक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्रमदान से 10 दिन में 250 झिरिया का निर्माण



■ विश्व जल दिवस पर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व जल दिवस के अवसर पर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विभाग ने वन्य प्राणियों के लिए पानी उपलब्ध कराने सराहनीय पहल की है। उप निदेशक व डीएफओ वरूण जैन के नेतृत्व में श्रमदान के माध्यम से 10 दिनों में 250 झिरिया (छोटे जल स्त्रोत) का निर्माण किया है। विभाग का लक्ष्य पूरे रिजर्व क्षेत्र में 1500 झिरिया तैयार करना है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रिजर्व क्षेत्र में कुल 143 बीट है। प्रत्येक बीटों में 10, 10 झिरिया बनाने की योजना है। झिरिया निर्माण का मुख्य उद्देश्य गर्मी के दिनों में वन्य प्राणियों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिससे पानी की तलाश में वन्य प्राणियों को जंगल से बाहर जाना न पड़े। वन विभाग का कहना है कि मानव और वन्य प्राणियों के बीच होने वाले संघर्ष में काफी हद तक कमी आएगी। गर्मी के दौरान जल स्त्रोतों के सूख जाने से जंगली जानवर अक्सर आबादी क्षेत्र की ओर रूख करते हैं जिससे टकराव की स्थिति बनती है। जंगल के भीतर पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने से इस समस्या का समाधान संभव है।

डीएफओ श्री जैन ने बताया कि स्थानीय स्तर पर वन अमला और ग्रामीणों की भागीदारी से यह कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह सामूहिक प्रयास और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह पहल वन्य जीवन संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार 1500 झिरिया का निर्माण शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। जिससे गर्मी में वन्य प्राणियों को राहत मिल सकेगी।

# दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण भठेली में राउत नाचा की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

■ जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति



नगर पंचायत भखारा भठेली में 21 मार्च 2026, शनिवार को वार्ड क्रमांक 10 स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण राउत नाचा पार्टी, सिंगदेही के कलाकारों द्वारा पारंपरिक राउत नाचा की आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत भखारा की अध्यक्ष ज्योति जैन उपस्थित रहीं। उनके साथ उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद खेमलता साहू, भूपेश्वरी चंदेल, हितेंद्र साहू एवं डुमेंद्र गंगबेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष नेकराम बंधु, उपाध्यक्ष उमराव निषाद (पंडा), सह पंडा खुलेश्वर साहू सहित तातु राम, राकेश साहू, सुनील साहू, देवेंद्र सेन, मिलु राम (बैगा), सतीश कुमार, झामन लाल, बलराम साहू, खेलन राम, गुलशन साहू, सुरेश यादव एवं जितेंद्र कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्य अतिथि ज्योति हरख जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर पंचायत के सभी पार्षदगण सभी वर्गों एवं वार्डों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी अनेक विकास कार्य प्रस्तावित हैं, जिनसे नगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मां दंतेश्वरी से सभी नगरवासियों के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान करने की प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत एवं नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं समिति सदस्यों द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया तथा ऐसे आयोजनों के माध्यम से संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की सराहना की गई।

## शीतला माता मंदिर में 55 ज्योत जले



**धमतरी।** चैत्र नवरात्रि में सोरिद वार्ड स्थित मां शीलता देवी मंदिर परिसर में देवी भक्तों ने भी मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित करवाया है। शीलता मंदिर सेवा समिति के सदस्य शिक्षक बसंत देवांगन, दीपक यादव ने बताया कि इस वर्ष कुल 55 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं। प्रतिदिन देवी मंदिर में माता की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मौसम हुआ साफ किसानों की चिंता हुई दूर

धमतरी। सप्ताह भर से खराब चल रहे मौसम के साफ होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल जिले में तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे है। आगामी दिनों में झुलसाने वाली गर्मी पड़ने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि बंगाल की खाड़ी में बने ट्रोणिका, पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से जिले का मौसम सप्ताह भर खराब था। हवा, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि से अनेक किसानों की चना फसल को नुकसान पहुंचा, वहीं आम एवं सब्जी आदि फसलों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। रविवार को मौसम साफ होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से 3-6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। प्रदेश में अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### 23 को निकलेगी माता रानी की चुनरी यात्रा

■ भव्य झांकी और बस्तरिया नृत्य होंगे आकर्षण का केंद्र

धमतरी। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर शहर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मां बिलाई माता सेवादार समिति के तत्वावधान में 23 मार्च को शाम 5 बजे माता रानी की चुनरी, झांकी एवं पालकी शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शहर सहित आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समिति के अनुसार शोभायात्रा घड़ी चौक से प्रारंभ होकर मठ मंदिर मार्ग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। पूरे मार्ग में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहेगा, जहां भक्तजन जयकारों के साथ माता की आराधना करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में बस्तरिया नृत्य, डांग-डोरी, गड़वा बाजा, माता सेवागीत, माता के नौ रूपों की झांकियां और सुसज्जित पालकी शामिल हैं। इसके साथ ही आकर्षक साउंड और लाइट व्यवस्था, छप्पन भोग, धुमाल पार्टी और डीजे की धुनों पर भक्ति का रंग और भी गहरा होगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का माध्यम भी है।

### पीयूष शोरी का नवोदय में चयन



अंवरी। महेन्द्र शोरी (व्याख्याता शा.उ.मा. विबगौद, कुरुद) एवं श्रीमती देविका शोरी निवासी जल विहार कालोनी गली नं. 2 रुद्री, धमतरी के पुत्र पीयूष प्रकाश शोरी का जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद कक्षा 6 वीं के लिए चयन हुआ है। उनके चयन पर माता- पिता, दीदी लुमीना शोरी, दादा-दादी, परिवार जन, वर्तमान विद्यालय- विद्याकुंज स्कूल लोहरसी के प्राचार्य व समस्त शिक्षकों एवं शा.उ.मा.वि. बगौद के प्राचार्य व समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### खल्लारी मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित



कोर्रा(भखारा)। ग्राम देवरी(भखारा) के अधिष्ठात्री देवी स्वयंभू खल्लारी मंदिर में विगत 22 वर्षों से चैत्र नवरात्र में आस्था के अखंड मनोकामना ज्योति जलाई जा रही है। इस वर्ष गांव के भक्तों तथा दूर दराज के व्यक्तियों के द्वारा 10 घी की ज्योति और 243 तेल की ज्योति जल रही है। माता रानी अपने सभी भक्तों के मनोकामना पूरी करती है। चैत्र पूर्णिमा 2 अप्रैल दिन - गुरुवार के दिन माता के दरबार में विशाल मेला लगेगा। जिसे जातरा महोत्सव कहा जाता है। इस वर्ष रात्रि में भूपेश प्रकाश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साल्हेटोला चारामा जिला -कांकेर का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष खिलेश्वर बैस एवं ग्रामीण अध्यक्ष धनेश्वर बैस के द्वारा दिया गया है।

कुरुद में विकास का नवप्रभात : विधायक चंद्राकर ने किया 'स्मार्ट लाइब्रेरी' और वन कार्यालय का लोकार्पण

# प्रशासन के विकेंद्रीकरण से जनता को मिलेगा सीधा लाभ : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरुद



नगर के विकास की गाथा में रविवार को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। वीर सावरकर संकुल (डिपो गार्डन) परिसर में आयोजित एक समारोह में विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के करकमलों सहायक वन संरक्षक (एसडीओ) अनुसंधान एवं विस्तार कार्यालय तथा स्व. डॉ. खेतराम चंद्राकर स्मृति 'स्मार्ट लाइब्रेरी' का शुभारंभ किया गया।

मंच से अपने उद्बोधन में विधायक चंद्राकर ने कहा कि पुस्तकालय केवल भौतिक भवन नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की जीवंत कार्यशाला होते हैं। उन्होंने नवस्थापित स्मार्ट लाइब्रेरी को युवाओं के लिए एक सशक्त वैचारिक मंच बताते हुए कहा कि इसे डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्मित किया गया है। यहां विद्यार्थी ई-लर्निंग संसाधनों और शांत परिवेश में अपने सपनों को नव-आकार दे सकेंगे। उनका ध्येय हर युवा तक आधुनिक शिक्षा और डिजिटल सुविधाएं पहुँचाना है, ताकि वे क्षेत्र और प्रदेश का गौरव बढ़ा सकें।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, सभापति सिंधु बैस और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीएफओ श्रीकृष्ण कुमार जाधव ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला, जबकि नवनियुक्त एसडीओ तरुण तिवारी ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा ने किया।

### पर्यावरण संरक्षण और विकास पर जोर

श्री चंद्राकर ने प्रशासन के विकेंद्रीकरण को लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए कहा कि कुरुद में विभिन्न विभागीय सब-डिवीजन कार्यालयों की स्थापना इसी दूरगामी सोच का प्रतिफल है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी। प्रकृति संरक्षण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि हवा और पानी जीवन का मूल आधार हैं, जिसमें नवनिर्मित वन कार्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आगामी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने नए सब-विद्युत स्टेशन और उन्नत दुग्ध संग्रहण केंद्र जैसे कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदलने का संकल्प दोहराया।

# सोलह दिनों तक हुई गणगौर की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ के धमतरी गणगौर पर्व संपन्न हुआ।15 दिनों तक घरों में माता गौरी और गौरा हो स्थापना किया गया था। 16 वें दिन बाजे गाजे के साथ गणगौर पूजा संपन्न हुआ। घर घर से गणगौर निकाली गई। जगह जगह स्वागत किया गया। महिलाएं राजस्थानी परिधान में नजर आई। बैंड बाजे की धुन पर महिलाएं थिरकते नजर आई।

दरअसल धमतरी शहर के बाबा रामदेव मंदिर से गणगौर की शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। महिलाएं राजस्थानी परिधान में नजर आई। सभी महिलाएं गणगौर को लेकर बाजे गाजे के साथ आगे बढ़ते रही और शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर इतवारी बाजार से निकलकर, तहसील कार्यालय, कचहरी चौक, सदर बाजार, नूरानी चौक, भगत चौक, कोष्टापारा, नंदी चौक होते हुए शहर के कठोली तालाब में पहुंची यहां भगवान शिव व पार्वती की पूजा अर्चना कर गणगौर पर्व संपन्न हुआ। जहां पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का प्रदर्शन किया गया।

स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने बताया उनके समाज द्वारा गणगौर का शोभायात्रा निकाला गया था। यह पर्व होली के दूसरे दिन से शुरू होता है, जो कि 16 दिनों तक चलता है। 15 दिन गणगौर माता उनके घर में रहती है, इस दौरान पूजा अर्चना भी की जाती है और 16वें दिन गणगौर माता को विदाई देते हैं। 15 दिन बाद ईशर लेने आते हैं। इसके बाद गणगौर माता की विदाई होती है। महिलाओं ने यह भी बताया होली की रात पांडोली बनाकर गणगौर माता को स्थापित करते हैं और 16 दिन तक पूजा अर्चना, घर-घर घूमना, हल्दी, मेहंदी, खाना, संगीत फेरा, इन सभी चीजों को कराया जाता है।

महिलाओं ने बताया गणगौर शिव पार्वती का रूप माना जाता है। जिसमें 16वें दिन, ईशर गणगौर को लेने आते हैं और 16 वे दिन ही विदाई होती है। यह पर्व मारवाड़ियों के लिए बहुत ही बड़ा त्यौहार है जिसको महिलाएं धूमधाम से मनाती है।

महिलाओं ने बताया गणगौर का पूजा करने का उद्देश्य कुमारी युवती अपना मनचाहा पति पाने के लिए और सुहागन बहनें अखंड सुहाग मिले इसलिए, 16 दिन तक गणगौर माता को पूजते है।

# विधानसभा सत्र में छाए रहे कुरुद विधायक अजय चंद्राकर

■ सदन के सजग प्रहरी की निभाई भूमिका : अपने प्रश्नों से सरकार को दिखाया जवाबदेही का आईना

यशवंत गंजीर ▶▶कुरुद



छत्तीसगढ़ विधानसभा का हालिया बजट सत्र आंकड़ों से कहीं ज्यादा सत्ता पक्ष के कद्दावर विधायक अजय चंद्राकर के तीखे तेवरों के लिए याद किया जाएगा। सदन के भीतर चंद्राकर की भूमिका केवल कुरुद विधानसभा तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे पूरे प्रदेश के जनसरोकारों के सबसे मुखर पैरोकार बनकर उभरे। जहां भी सरकार की पकड़ ढीली दिखी या प्रशासनिक ढर्रे में खामियां नजर आई, वहां चंद्राकर के प्रश्नों ने मंत्रियों को पसीने ला दिए।

सत्र के दौरान अजय चंद्राकर ने यह स्पष्ट कर दिया कि एक अनुभवी विधायक की जिम्मेदारी केवल अपने क्षेत्र तक सीमित नहीं होती। प्रदेश में कानून व्यवस्था, विकास कार्यों की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषयों पर उन्होंने जिस तरह से सरकार को घेरा, उसने उन्हें सदन का फायर ब्रांड चेहरा बना दिया। जहां कहीं भी लगा कि जनहित की अनदेखी हो रही है, वहां चंद्राकर का प्रश्न सरकार के लिए आईना साबित हुआ।

### पूरक प्रश्नों का किया बेहतर इस्तेमाल

सदन की कार्यवाही के दौरान अजय चंद्राकर ने पूरक प्रश्नों को एक अचूक हथियार की तरह इस्तेमाल किया। मुख्य सवाल के जवाब में जब भी सरकार ने गोलमोल उत्तर देने की कोशिश की, चंद्राकर ने अपने तार्किक और तथ्यों पर आधारित पूरक प्रश्नों से असली स्थिति को सामने लाने पर मजबूर कर दिया। उनकी इस शैली ने सदन में सरकार की जवाबदेही तय करने में बड़ी भूमिका निभाई।

### कुरुद से लेकर मंत्रालय तक धमक

भले ही उन्होंने कुरुद के विकास के लिए 56 सवालों का परफेक्ट स्कोर बनाया, लेकिन उनकी दृष्टि पूरे छत्तीसगढ़ के कल्याण पर रही। प्रदेश के किसानों की समस्या हो, युवाओं का रोजगार या फिर स्वास्थ्य सुविधाओं का बुनियादी ढांचा, अजय चंद्राकर ने हर उस मोर्चे पर सवाल दागे जहां सरकार की लगाम ढीली दिखाई दी। उनकी सक्रियता ने यह संदेश दिया कि वे सदन में केवल एक प्रतिनिधि नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों के रक्षक हैं।

# माता निरई के जातरा में उमड़ी भारी भीड़

■ अनोखी परंपरा-सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 8 घंटे के लिए खुला माता का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नवरात्र के चौथे दिन निरई माता के दरबार में मन्नत चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। एक अनुमान के अनुसार 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु माता के जातरा उत्सव में शामिल हुए। इस बार धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा भी अन्य अधिकारियों के साथ दर्शन के लिए निरई पहुंचे थे। अनुष्ठान के लिए बस्तर, नगरी, गरियाबंद सहित अन्य स्थानों से सिरहा, बैगा पहुंचे। पूजा पाठ और अनुष्ठान के बाद 9 बजे निरई पहाड़ी जाने का रास्ता खोल दिया गया, जिसके बाद शाम पांच बजे तक श्रद्धालु माता की कृपा पाने के लिए पहुंचते रहे।

धमतरी जिले के मगरलोड ब्लाक के अंतिम छोर में बसे गांव मोहेरा में रविवार को माता निरई का जातरा धूमधाम से मनाया गया। जय निरई मां सेवा समिति के संरक्षक नेमलाल साहू ने बताया कि मोहेरा के निरई पहाड़ी पर माता निरई अदृश्य रूप में वास करती है। यहां न तो मंदिर है और न ही कोई मूर्ति। पहाड़ी के जिस स्थान पर माता का वास माना जाता है, वहीं जाकर लोग मन्नत मांगते हैं। खास बात यह है कि साल में सिर्फ एक दिन चैत्र नवरात्र के प्रथम रविवार को निरई का दरबार खुलता है। इस बार भी नवरात्र के रविवार को माता का जातरा उत्साह के साथ मनाया गया। जातरा में शामिल होने के लिए धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश से श्रद्धालु पहुंचे थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मन्नत चढ़ाई। जंगल के चारों ओर लोगों का मजमा लगा था, जहां पर मन्नत चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में बकरा भात पकाया और खाया। जातरा के दौरान जय मां निरई सेवा समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर, ओमकार ठाकुर, नरोत्तम ठाकुर, अमृत ठाकुर, अशोक ठाकुर, रोहित ठाकुर आदि व्यवस्था में जुटे रहे।

### तगड़ी रही व्यवस्था

इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ काफी अधिक रही। एक अनुमान के अनुसार एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु माता के जातरा उत्सव में पहुंचे थे। भीड़ ज्यादा होने के कारण जाम की स्थिति बन गई थी। जातरा समिति और जिला प्रशासन ने तगड़ी व्यवस्था कर रखी थी, जिसके चलते लोगों को ज्यादा समस्या का सामना करना नहीं पड़ा। मेला स्थल में भी अच्छी व्यवस्था की गई थी।

### बंद हुआ दरबार

निरई दरबार की खासियत यह है साल में सिर्फ एक बार ही इसे खोला जाता है। शाम 5 बजे के बाद इसे बंद कर दिया गया। मान्यता है कि जातरा के दिन को छोड़कर बाकी दिन कोई इस ओर जाता है तो कुछ न कुछ अनिष्ट होता है। यहां नहीं निरई दरबार में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। कोई महिला प्रवेश करती है तो भी कुछ न कुछ अनिष्ट होता है।

### मनोकामना पूरी करती है माता

ग्रामीणों की मानें तो माता निरई पहाड़ी में अदृश्य रूप में विराजित है। जातरा के दिन श्रद्धालु मन्नत मांगने यहां पहुंचते हैं। अन्य समय भी माता को स्मरण कर मन्नत मांगते है। माता मनोकामना अवश्य ही पूरी करती है। मनोकामना पूरी होने के बाद जातरा के दिन ही माता का आभार प्रदर्शित करते हुए श्रद्धालु मन्नत चढ़ाते हैं।

शादी-त्योहारी सीजन में बाजार में उमड़ी भीड़, किराना भी काबू में

# सब्जियां सस्ती तो रसोई खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के बाजारों में इन दिनों राहत भरी तस्वीर देखने को मिल रही है। त्योहारी और शादी सीजन के बीच हरी सब्जियों के दामों में आई गिरावट ने आम लोगों की रसोई का बजट संभाल दिया है। मांग बढ़ने के बावजूद कीमतें कम रहने से उपभोक्ताओं के चेहरे खिल उठे हैं और बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ गई है।

व्यापारियों के मुताबिक ठंड के मौसम में बोई गई फसलों का बंपर उत्पादन अभी भी बाजार में पहुंच रहा है, जिससे सब्जियों की आवक ज्यादा बनी हुई है और दाम नियंत्रित हैं। सब्जी विक्रेता कैलाश सोनकर का कहना है कि मार्च तक यह स्थिति बनी रह सकती है। हालांकि गर्मी बढ़ने और पानी की कमी के चलते उत्पादन घटेगा, जिससे आने वाले समय में कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है।

रविवार को इतवारी बाजार में भाटा 20 रुपये किलो, गाजर 30, कुंदरू 50, करेला 60, बरबटी व भिंडी 50-50, ग्वार फली 50, कद्दू 20, टमाटर 10, गोभी 30, हरी मिर्च 80, केला 30, पत्ता गोभी 30, तोरी 30, धनिया 50, मूली 20, बैंगन 80, शिमला मिर्च 50, परवल 60, कटहल 60, सेमी 20-30, मटर 30 और नवलगोल 10 रुपये किलो बिक रहा है।

वहीं किराना बाजार में भी कीमतें संतुलित बनी हुई हैं। आलू 15 रुपये किलो, प्याज 25, शक्कर 45, गुड़ 55, लहसुन 150, रिफाइंड तेल 125, अरहर दाल 120, मूंग दाल 100, उड़द दाल 110, मसूर दाल 90, काबुली चना 100, देसी चना 75, चना दाल 50, पोहा 50 और अंडा 60 रुपये दर्जन के भाव से बिक रहा है। सस्ती सब्जियों और नियंत्रित किराना दरों के चलते बाजार में रौनक बढ़ गई है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे व्यापारियों के चेहरों पर भी संतोष नजर आ रहा है।


online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour



07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर